डॉट com
प्रतिदिन अखबार
www.pratidinakhabar.com
अमरावती, मंगलवार, 20 नवंबर 2018
3

Think - Microwave Oven
Think - केडिया

महागठबंधन में खींचतान

कोलकाता, एजेंसी,19 नवम्बर-आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात में बाकी बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही विपक्ष के महागठबंधन की खींचतान सामने आई है. ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद उनकी पहल पर नायडू ने गैर-बीजेपी दलों की 22 नवंबर को होने वाली बैठक को टालने का फैसला किया है. अब यह बैठक 19 जनवरी को होगी.

लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को मजबूत बनाने में लगे राजनीतिक दल 22 नवंबर को राजधानी में बैठक करने वाले थे. इस बैठक में सभी विपक्षी दल 2019 में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को रोकने की रणनीति पर चर्चा के साथ करने वाले थे. इस बैठक के जरिए विपक्ष चुनावी राज्यों

में विपक्षी एकता का संदेश देने वाला था. विपक्षी दलों की यह बैठक ऐसे समय में होने वाली थी, जब राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं.गैर बीजेपी दल टीएमसी, टीडीपी, एनसी, डीएमके, जेडी (एस), सीपीआई, सीपीएम, आप, एसपी, आरजेडी और आरएलडी लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ का लक्ष्य लेकर एकसाथ मैदान में उतरने को तैयार हैं. इन सभी दलों का मानना है कि बीजेपी ही इनकी आम दुश्मन मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी है.

ऐसे में बैठक को टालने से सभी की मानसिकता और रणनीति पर असर होगा यह तय है.बता दें करीब एक साल पहले विपक्षी दलों को एक ही मंच पर लाने की पहल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की थी.

ममता ने बीजेपी के सभी विरोधियों को उसके खिलाफ लड़ने के मकसद से एकसाथ एक मंच पर लाने का काम किया था. इसके बाद ममता की इस मुहिम को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इसे आगे बढ़ाया. अब दोनों प्रमुखता से इन मुहिम में समन्वयक की भूमिका निभा रहे हैं.

क्विकर

निसान के चेयरमैन भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

टोक्यो, एजेंसी,19 नवम्बर-निशान मोटर्स के चेयरमैन कार्लो घोसन को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. कंपनी के चेयरमैन पर जापान की एक वित्तीय कंपनी से धोखाधड़ी का आरोप है. जापान के अखबार आशी में छपी खबर के मुताबिक कार्लो ने कंपनी के वितीय दस्तावेजों में हेराफेरी की है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्लो ने अपनी कमाई को काफी कम बताया है उन पर आरोप है कि उन्होनें कंपनी के पैसों को निजी कार्य के लिए इस्तेमाल किया है.

कांग्रेस की नजर से बचाने मेट्रो के लिए हवन

फरीदाबाद, एजेंसी,19 नवम्बर-शहर का एक ड्रीम प्रॉजेक्ट आखिरकार सोमवार को पूरा हो गया और बल्लभगढ़ तक मेट्रो का तोहफा लोगों को मिला. वैसे तो पीएम नरेंद्र मोदी ने गुड़गांव के सुल्तानपुर से बटन दबाकर इसका उद्घाटन किया, लेकिन उससे पहले काफी बड़े हवन का आयोजन बीजेपी विधायक मूलचंद शर्मा ने किया. इस दौरान मूलचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की नजर इस प्रॉजेक्ट को न लगे, इसके लिए हवन का आयोजन किया गया.

डोनाल्ड ट्रंप कैंसर हैं : जिम कैरी

वाशिंगटन, एजेंसी,19 नवम्बर-मशहूर हॉलीवुड अभिनेता जिम कैरी ने डोनाल्ड ट्रंप की तुलना त्वचा के कैंसर के एक प्रकार मेलानोमा से की है. हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और हास्य कलाकार जिम कैरी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त आलोचना करते हुए उन्हें मेलानोमा बताया है. मेलानोमा त्वचा के कैंसर का एक प्रकार है. जिम कैरी ने कहा- ये ऐसे लोग नहीं हैं जिनके साथ बात की जा सके. आप एक अपराधी के साथ द्विदलीय नहीं हो सकते. बलात्कारी से बात करने की नहीं, बल्कि उसे निकाले जाने की जरूरत है. ये लोग हमारे सिस्टम का बलात्कार कर रहे हैं. ये इसे हमारे सामने बर्बाद कर रहे हैं.

जिम कैरी

नीरव की जांच रोकने को ट्रांसफर

सीबीआई अफसर ने तबादले को चुनौती दी

दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-केंद्र की मोदी सरकार और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के बीच चल रहे विवाद के दौरान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने अपने तबादले को चुनौती दी है. सीबीआई के डीआईजी मनीष कुमार सिन्हा ने सर्वोच्च अदालत को बताया है कि विशेष निदेशक अस्थाना और नीरव मोदी से जुड़े पीएनबी बैंक घोटाले की जांच बेपटरी करने के लिए उनका ट्रांसफर नागपुर किया गया.

सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट से उनके तबादले के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया. बता दें कि नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और उनसे जुड़े बैंकिंग घोटाले के मामले को लेकर कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है. करप्शन के कथित मामले में सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर अस्थाना की भूमिका की जांच कर रही टीम का हिस्सा रहे आईपीएस अधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने मंगलवार को अविलंब सुनवाई के लिये चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष अपनी याचिका का उल्लेख किया. इस बेंच में जस्टिस एसके कौल और जस्टिस केएम जोसेफ भी शामिल हैं. गौरतलब है कि यह पीठ अधिकार छीनने और अवकाश पर भेजने संबंधी सरकारी आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने वाली है. सिन्हा ने कहा कि उनकी अर्जी पर भी वर्मा की याचिका के साथ ही सुनवाई की जाए. उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका तबादला नागपुर कर दिया गया है और इस वजह से वह अस्थाना के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच से बाहर हो गए हैं. सरकार ने एक आदेश जारी कर अस्थाना की भी शक्तियां छीन ली हैं और उन्हें अवकाश पर भेज दिया है.

सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि वह सीबीआई डायरेक्टर आलोक वर्मा के नेतृत्व में सक्रियता से अस्थाना के कथित भ्रष्टाचार मामले की जांच कर रहे थे. उधर, सीबीआई डायरेक्टर आलोक वर्मा ने सीवीसी की रिपोर्ट पर अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वर्मा को स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में मंगलवार को सुनवाई की तारीख को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा.

ओडिशा में 10 कटे हुए हाथ मिले

जाजपुर, एजेंसी,19 नवम्बर-ओडिशा के जाजपुर इलाके में रविवार को दस कटे हुए हाथ बरामद हुए हैं. इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया. शुरूआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि ये हाथ 2006 में पुलिस फायरिंग में मारे गए आदिवासियों के हो सकते हैं. मामले की जांच की जा रही है और इलाके में भारी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है.

पुलिस ने बताया कि कालिंगा नगर में स्टील प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासियों ने जनवरी, 2006 में प्रदर्शन किया था. इस मामले प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी थी. इस घटना में 13 से ज्यादा आदिवासी मारे गए थे.

मचा हड़कंप

हाथों के डीएनए टेस्ट कराने की मांग

मारे गए आदिवासियों का पोस्टमॉर्टम किया गया. पांच के शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी इसलिए उनके हाथ काटकर उसकी उंगलियों के निशान लिए गए थे. प्रक्रिया पूरी होने के बाद आदिवासियों के परिवारों को ये हाथ दो साल पहले सौंपे गए थे लेकिन उन्होंने इन्हें लेने से इनकार कर दिया था. उन्होंने इन हाथों के डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी. इसलिए इन हाथों को एक मेडिकल बॉक्स में क्लब के अंदर रखा गया था.

कौन उठा ले गए मेडिकल बॉक्स?

एसपी सीएस मीना ने बताया कि शनिवार को कुछ शरारती तत्वों ने क्लब की खिड़की तोड़ी और अंदर दाखिल हुए. ये लोग यह मेडिकल बॉक्स उठाकर ले गए थे. इसी बॉक्स में दस हाथ रखे थे. शरारती तत्वों ने इसे जाजपुर में ले जाकर फेंक दिया. स्थानीय लोगों को ये हाथ मिले तो हड़कंप मच गया. आसपास इलाके में तनाव फैलने लगा. भारी पुलिस तैनात करके लोगों पर काबू पाया गया. हालांकि इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है.

अमृतसर अटैक आतंकी साजिश

चंडीगढ़-अमृतसर में एक धार्मिक डेरे पर रविवार को हुए ग्रेनेड अटैक के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया. अमरिंदर ने इस हमले को सीधे तौर पर आतंकवादी हमला करार दिया है. साथ ही सीएम ने कहा कि हमलावरों के बारे में जांच एजेंसियों को अहम सुराग मिले हैं और उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा. बता दें कि राजासांसी क्षेत्र में निरंकारी समाज के कार्यक्रम के दौरान हुए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी.

अमरिंदर सिंह

जाकिया जाफरी की याचिका पर 26 को सुनवाई

दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-उच्चतम न्यायालय ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुये दंगों के सिलसिले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष जांच दल द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली जकिया जाफरी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई 26 नवंबर तक के लिये स्थगित कर दी. न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा-इस मामले की सुनवाई में कुछ समय लगेगा. याचिका पर 26 नवंबर को सुनवाई की जायेगी. मामले की सुनवाई शुरू होते ही विशेष जांच दल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है और इसमें तीस्ता सीतलवाड दूसरी याचिकाकर्ता नहीं हो सकती हैं. पीठ ने कहा कि सीतलवाड को जाफरी की याचिका में दूसरा वादी बनाये जाने के मामले पर सुनवाई करने से पहले इस आवेदन पर विचार किया जायेगा.

जाकिया जाफरी

आलोक वर्मा ने सुको में दाखिल किया जवाब

आज होगी सुनवाई

सीबीआई विवाद

दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-उच्चतम न्यायालय में सीबीआई निदेशक आलोक कुमार वर्मा ने भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित सीवीसी की जांच रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है. उन्हें न्यायालय द्वारा दिए गए समय की मियाद आज 1 बजे खत्म होनी थी. आज निदेशक ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए न्यायालय से और समय मांगा था. जिसके बाद उनके अनुरोध को मानते हुए न्यायालय ने उन्हें दोपहर चार बजे तक का समय दिया था. न्यायालय ने वर्मा को जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करने को कहा था.

अदालत ने यह भी कहा था कि वह मंगलवार को होने वाली सुनवाई को आगे की तारीख के लिए नहीं टालेंगे. न्यायालय ने वर्मा से कहा था कि वह जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें ताकि वह उनके जवाब को पढ़ सकें. मुख्य न्यायधीश रंजन गोगोई की पीठ को वर्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील गोपाल शंकरनारायण ने बताया कि सीबीआई निदेशक आज अपना जवाब दाखिल करने में सक्षम नहीं है. इसके जवाब में न्यायालय ने कहा-हम तारीख को बदलने वाले नहीं हैं. आप जितनी जल्दी हो सके अपना जवाब दाखिल करें. हमें जवाब पढ़ना भी है. इसके जवाब में वकील गोपाल ने कहा कि निदेशक आज अपना जवाब दाखिल कर देंगे.

छत्तीसगढ़ में आज वोटिंग | राहुल ने की मोदी से तीन गुना ज्यादा रैलियां

दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 72 सीटों के लिए मंगलवार को मतदान होंगे. रविवार को शाम पांच प्रदेश में चुनाव प्रचार का शोर थम गया. बीजेपी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज होने के लिए पार्टी के दिग्गज उतरे. वहीं, 15 साल से सत्ता वनवास झेल रही कांग्रेस ने 500 से ज्यादा जनसभाएं की. जबकि जोगी-बसपा ने किंगमेकर बनने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है.

मोदी की पांच जनसभा

प्रदेश में चुनाव की औपचारिक ऐलान के बाद बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल चार दौरे और पांच जनसभाएं की है. पीएम मोदी ने 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर से चुनावी अभियान की शुरूआत की थी. इसके बाद उन्होंने बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर और महासमुंद में जनसभा को संबोधित किया.

राहुल ने की डेढ़ दर्जन रैली

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी से ज्यादा जनसभाएं छत्तीसगढ़ में की है. राहुल ने दौरे की शुरूआत राज्य के सीएम रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र राजनंदगांव में कांग्रेस प्रत्याशी करुणा शुक्ला के पक्ष में किया. दोनों चरणों को करीब डेढ़ दर्जन चुनावी सभाएं की हैं.

कांग्रेस के 80 स्टार प्रचारक, 500 सभाएं

कांग्रेस ने अपने 80 स्टार प्रचारकों के जरिए दोनों चरण में करीब 500 जनसभाएं की गईं. इसमें 350 से अधिक सभाएं दूसरे चरण में की गईं. राहुल के अलावा राज बब्बर ने 38 सभाएं और नवजोत सिंह सिद्धू ने 22 सभाएं कीं. इनके अलावा केशवचंद यादव, मोतीलाल वोरा, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, शक्ति सिंह गोहिल, भूवनेश्वर कलिता, प्रमोद तिवारी, अखिलेश सिंह, टीएस सिंहदेव, हरनाम सिंह, भक्तचरण दास, भूपेश बघेल ने चुनावी प्रचार करते नजर आए.

बीजेपी के 20 स्टार प्रचारक, 350 सभाएं

बीजेपी ने चौथी बार सत्ता में वापसी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी. बीजेपी की ओर से दोनों चरणों में कुल 350 सभाएं व रैलियां की गईं. पीएम मोदी के अलावा बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, बाबुल सुप्रियो झारखंड सीएम रघुवर दास, सांसद मनोज तिवारी, सांसद हेमा मालिनी सहित 20 से अधिक दिग्गज नेताओं ने चुनावी सभाएं की हैं. जबकि सीएम डा. रमन सिंह ने 50 से अधिक रैलियां की हैं.

जोगी-मायावती की रैली

छत्तीसगढ़ की सियासत में किंगमेकर बनने के लिए अजीत जोगी और मायावती ने गठबंधन करके चुनावी मैदान में उतरी हैं. दोनों पार्टियों के नेताओं ने करीब ढाई सौ रैलियां की है. मायावती और जोगी ने संयुक्त रूप से करीब 6 चुनावी जनसभाएं की हैं. जबकि जोगी ने व्यक्तिगत रूप से करीब 90 रैलियां की हैं. आम आदमी पार्टी, सीपीआईएम, सपा की ओर से 50 से अधिक रैलियां और सभाएं कीं.

दीपिका-रणवीर के आनंद कारज से सिख नाराज



दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-इटली में दीपिका और रणवीर की शादी में गुरु ग्रंथ साहिब को होटल ले जाने से सिख समुदाय नाराज है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आनंद कारज (सिख रिवाज से शादी) के लिए जोड़े को गुरुद्वारा जाना था, लेकिन गुरु ग्रंथ साहिब को ही इटली के होटल में मंगवा लिया गया. वहां सिख समुदाय ने कहा है कि भारत में अकाल तख्त से इसकी शिकायत की जाएगी.

दीपिका और रणवीर की शादी का फैन्स को काफी वक्त से इंतजार था और आखिरकार वह घड़ी आ ही गई जब दोनों शादी के बंधन में बंध गए. दोनों ने 14 नवंबर को पहले कोंकणी रीति रिवाज से इटली में शादी की, उसके बाद 15 नवंबर को इस कपल ने सिंधी रीति रिवाज से आनंद कारज की रस्में पूरी कीं.

बॉलिवुड के सबसे प्यारे कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण इटली में शादी कर रविवार की सुबह मुंबई पहुंच गए.घर वापस आने की खुशी दीपवीर के चेहरे से साफ झलक रही थी. दोनों एयरपोर्ट से एक दूसरे का हाथ पकड़े बाहर निकले.एयरपोर्ट पर रणवीर और दीपिका की झलक पाने के लिए फैंस और मीडिया की भारी भीड़ मौजूद थी. रणवीर और दीपिका 6 साल से रिलेशनशिप में थे और वक्त के साथ इनका प्यार बढ़ता ही गया और देश के ये दो सुपरस्टार आज पति-पत्नी बन चुके हैं.घर पहुंचने पर दीपिका और रणवीर ट्रडिशल लुक में नजर आए. एक तरफ रणवीर ने जहां फैंस का हाथ हिलाकर अभिवादन किया वहीं दीपिका ने भारतीय परंपरा के अनुसार हाथ जोड़कर सबको प्रणाम किया.

शिवसेना ने सीएम फड़णवीस से कहा

शिवाजी की प्रतिमा की ऊंचाई को लेकर न डरें

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

मुंबई-शिवसेना ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहा कि वह घोषणा करें कि मुंबई तट पर निर्माण के लिए प्रस्तावित मराठा छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा दुनिया में सबसे ऊंची होगी और वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से नहीं डरेंगे. शिवसेना का कहना है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महाराष्ट्र प्रमुख जयंत पाटिल ने दावा किया है कि पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनी रहे इसलिए मुंबई में समुद्र में बननेवाली छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा की ऊंचाई कम कर दी गई है. शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा है कि पटेल की प्रतिमा ऊंची साबित हो इसीलिए शिवाजी की प्रतिमा की ऊंचाई को कम करना संकुचित, विकृत मानसिकता की निशानी है. उसने लिखा है कि मुख्यमंत्री ने जिस हिम्मत से मराठा आरक्षण की घोषणा की, उसी साहस से शिवाजी की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा के निर्माण की घोषणा करनी चाहिए. उसने फडणवीस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह से इस मुद्दे पर नहीं डरने को कहा है. पार्टी ने कहा है कि सरकारी तिजोरी के दरवाजे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के लिए हमेशा खुले रखे गए लेकिन महाराष्ट्र में शिवाजी के भव्य स्मारक की नींव भी नहीं रखी गई है. उसका कहना है कि सरदार की सर्वाधिक ऊंचाई वाली प्रतिमा पहले बने और उनके सामने शिवाजी जैसा युगपुरुष बौना साबित हो, ऐसी कोई अंदरूनी योजना थी और क्या उसी के अनुसार शिवाजी के स्मारक को लटकाए रखा गया है. सामना में लिखा गया है कि शिवाजी की प्रतिमा सबसे बड़ी और ऊंची ही होनी चाहिए. इसके लिए फडणवीस सरकार और महाराष्ट्र के सभी दल के नेताओं को एक होना चाहिए.

आरबीआई बैठक के बहाने राहुल का मोदी पर हमला

उम्मीद है उर्जित पटेल नहीं झुकेंगे

दिल्ली, एजेंसी,19 नवम्बर-भारतीय रिजर्व बैंक बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक की पृष्ठभूमि में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की संस्थाओं को बर्बाद करने का आरोप लगाया और उम्मीद जताई कि आरबीआई के गवर्नर उर्जित पटेल एवं उनकी टीम नहीं झुकेगी. राहुल ने ट्वीट कर कहा कि मोदी जी और सांठगांठ वाले पूंजीपतियों का उनका गुट लगातार हर उस संस्था को नष्ट कर रहा है जो उनके उनके नियंत्रण में आ सकती है.उन्होंने कहा कि आज आरबीआई बोर्ड की बैठक में अपनी कठपुतली बने लोगों के जरिये वह आरबीआई को तबाह करने का प्रयास करेंगे. मैं आशा करता हूं कि उर्जित पटेल और उनकी टीम मजबूत है और वे मोदी को उनकी जगह दिखा देंगे. उल्लेखनीय है कि आरबीआई की बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में धन की कमी पर चर्चा हो सकती है. इसको लेकर केन्द्रीय बैंक और सरकार के बीच बहस छिड़ी हुई है.

जो बोल नहीं सकते उनकी सोच ही आवाज में बदल जाएगी

क्रांतिकारी तकनीक : अमरीका के वैज्ञानिक कामयाबी के बेहद करीब

वाशिंगटन, एजेंसी,19 नवम्बर-बोल पाने में अक्षम लोगों के लिए खुशखबरी! जल्द ही ऐसी तकनीक आने वाली है, जिसके जरिए लकवे के चलते बोल पाने में अक्षम मरीज की सोच को ही आवाज में तब्दील किया जा सकेगा. कोलंबिया विश्वविद्यालय और नॉर्थवेल हेल्थ केंद्र के वैज्ञानिक इस दिशा में काम कर रहे हैं. ये वैज्ञानिक ऐसा उपकरण बनाने के बेहद करीब हैं, जो मरीज के दिमाग में पनपने वाली सोच को आवाज में तब्दील कर देगा. इस तकनीक से सोच और शरीर की कार्यप्रणाली में तालमेल भी बिठाया जा सकेगा. अभी ऐसी कई तकनीक हैं, जिनसे मस्तिष्क की मदद से कृत्रिम हाथों का संचालन किया जा रहा है, कृत्रिम आंखों की मदद से दृष्टि बाधित लोग देख पा रहे हैं. इसके अलावा काचलियर इंप्लांट्स के जरिए सुनने में अक्षम लोग सुन पा रहे हैं. मगर वैज्ञानिकों के समक्ष अभी तक यह चुनौती थी कि ऐसे लोग जो किसी बीमारी या दुर्घटना में अपनी आवाज गंवा देते हैं, वे कैसे बोल सकें? दुनियाभर में वैज्ञानिक इस दिशा में प्रयोग कर रहे हैं. वे 'ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस' के जरिए बोल पाने में अक्षम मरीजों के सिर में लगाकर उनके दिमाग में पैदा होने वाले विचारों को आवाज के रूप में तब्दील कर सकेंगे.

ऐसे करेगा काम

मरीज के सिर पर इलेक्ट्रोड युक्त उपकरण लगेगा, जो दिमागी तरंगों के रूप में संवेदनाओं का भाषाई अनुवाद करेगा और उसे आवाज का रूप देगा. इसके लिए मस्तिष्क के अलग-अलग हिस्सों का नक्शा तैयार किया जाएगा.

कम्प्यूटर इंटरफेस से बात करते थे हॉकिंग

ब्रह्मांड विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग भी बोल नहीं पाते थे. वह कंप्यूटर इंटरफेस के जरिए ही बात करते थे. इस साल मार्च में उनका निधन हो गया. हॉकिंग बीते 30 साल से बोल नहीं पाए. वह जिस व्हीलचेयर पर बैठे रहते थे, वह स्मार्ट कम्प्यूटर से लैस थी. यह उनके दिमाग में उपजे विचारों को तो पड़ लेता था. स्पीच सिंथेसाइजर के जरिए जो वह कहना चाहते थे, उसे सामने वाले को बता देता था. मगर इस कंप्यूटर से उनकी सोच को उनकी आवाज में तब्दील नहीं किया जा सकता था. 1963 में हॉकिंग जब 21 साल के थे, तब उन्हें एमायोट्रॉपिक लैटरल स्केलरॉसिस नामक बीमारी हो गई.